भी सम्मिलित है, मंज़ूर किया जाता है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र में कुष्ठ के क्षेत्र में काम करने वाली स्वेच्छिक एजेंसियों को 1965–66 में 32,293 रुपये की राशि सहाय्यानुदान के रूप में दी गई। चूंकि केन्द्रीय सहायता योजनाओं के एक समूह के लिए दी गई है। अतः राज्य सरकार ने 1965–66 में कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम पर इस में से ठीक-ठीक कितनी रकम खर्च की है, यह मालूम नहीं है।

महाराष्ट्र का विकास

3613. **श्री वे० शि० पाटिल :**
श्री कांबले :

क्या योजना तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965–66 में महाराष्ट्र राज्य के विकास के लिये महाराष्ट्र सरकार को कितनी राशि नियत की गई और उसमें से अब तक कितनी रकम खर्च की गई; और

(ख) इस प्रयोजन के लिये वर्ष 1966-67 में उस राज्य के लिये कितनी राशि नियत करने का विचार है ?

योजना तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री अशोक मेहता): (क) 1965–66 के लिए स्वीकृत सालाना व्यय-व्यवस्था 121.45 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान किये गये वास्तविक खर्च के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) 1966–67 के लिए स्वीकृत सालाना योजना व्यय-व्यवस्था 120.3 करोड़ रुपये है।

महाराष्ट्र में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये आवास ऋण

3614. **श्री वे० शि० पाटिल :**
श्री कांबले :

क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में काम करने वाले केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की ओर से मकान बनाने के लिये ऋण प्राप्ति हेतु फरवरी, 1965 से आज तक कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) सरकार द्वारा अब तक कितने आवेदन पत्र मंजूर किये गये हैं ; और

(ग) उनको उक्त अवधि में कुल कितनी राशि का ऋण दिया गया ?

निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) 67।

(ख) 28

(ग) 2,84,590 रुपये।

महाराष्ट्र में गन्दी बस्तियां हटाने की योजनाओं के लिये सहायता

3615. **श्री वे० शि० पाटिल :**
श्री कांबले :

क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र सरकार को गन्दी बस्तियां हटाने की योजनाओं के लिये वर्ष 1965–66 में वस्तुतः कितनी राशि दी गई; और

(ख) इस कार्य के लिए वर्ष 1966–67 में महाराष्ट्र सरकार को कितनी राशि देने का विचार है ?

निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) 96.00 लाख रुपये।

(ख) 105.00 लाख रुपये।